# सुमन व शिवानी मिस फ्रेशर बनीं

## महर्षि दधीचि महिला महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन



**नवज्योति/जोधपुर।** महर्षि दधीचि महिला महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं की ओर से फिल्मी व राजस्थानी गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान अकादमिक के निदेशक डॉ. शुभा दाधीच थे। संस्थान प्रवक्ता आशुतोष दाधीच ने बताया कि महाविद्यालय के बीए, बीकॉम व बीएससी एवं बीए, बीएड./बीएससी, बीएड प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्राओं के लिए सीनियर छात्राओं द्वारा फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इसके पश्चात सीनियर छात्राओं द्वारा जूनियर छात्राओं को मौली व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आगाज देवा जय गणेशा देवा....... गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में मिस फ्रेशर बीए,बीएड प्रथम वर्ष से सुमन मांजू तथा बीए प्रथम वर्ष से शिवानी चुनी गई। कार्यक्रम में डॉ. नीता सिंह, डॉ. ज्योति दैय्या, डॉ. चित्रा गौड, डॉ. नरेश डूडी, डॉ. प्रवेश कुमार, गीतिका अरोड़ा, पूजा कुमावत, चन्द्रकान्ता, राजेश कंसारा आदि उपस्थित थे।